

02

# आज समाज



04

www.aajsamaaj.com

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 30 दिसंबर 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, अगहन-मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष अष्टमी, मूल्य 2.00 रुपए


# सागर शर्मा ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में लहराया परचम

## आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के छात्र सागर शर्मा ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक का प्रतिनिधित्व करते हुए 23 दिसंबर से 28 दिसंबर 2022 गुरु काशी यूनिवर्सिटी बठिंडा में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी चैंपियनशिप के रिकर्व राउंड में व्यक्तिगत रूप से रजत पदक प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में 155 विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता से पहले भी छात्र सागर शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक प्राप्त कर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ का नाम रोशन किया है। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने सागर शर्मा के कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया तथा शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि केवल मेहनत, लगन, धैर्य ही सफलता का मूल मंत्र है जो जीत का दृढ़ संकल्प मन में रखकर परिश्रम करता है उसे ही लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। सागर की इस उपलब्धि पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता ने सागर को बधाई देते हुए कहा कि कोशिश करने वाले को हमेशा सफलता मिलती है और वह अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करता है। उन्होंने आगे कहा कि खिलाडी राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा और मनमोहन सिंगला उपस्थित रहे।



सम्मानित करते हुए। आज समाज